न्यायालय उपखण्ड अधिकारी दौसा

पीठासीन अधिकारी का नाम :– संजय कुमार गोरा (आर.ए.एस)
प्रकरण संख्या :– 10 / 2022
दायर दिनाकं :– 15.03.2022
निर्णय दिनांक :– 30.03.2022

उनवान

1. श्रीमति निर्मला मीना पत्नि डॉ0 श्री सुरेश मीना निवासी आदर्श कॉलोनी, दौसा हाल आबाद कैलवा राजसमन्द राजस्थान
2. रामहेत पुत्र मोतीलाल जाति मीना निवासी आदर्श कॉलोनी दौसा

(प्रार्थीगण)

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार दौसा

(अप्रार्थी)

उपस्थिति :– श्री राकेश जैमन अधिवक्ता प्रार्थी

निर्णयः– दिनांक 30.03.2022

प्रार्थना–पत्र अ0 धारा 128 एल.आर.एक्ट

उक्त प्रकरण में संक्षिप्त वृतान्त इस प्रकार है कि ग्राम जीरोता खुर्द तहसील दौसा जिला दौसा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1173 / 477 रकबा 0.01 है0 खसरा नम्बर 477 / 1 रकबा 0.29 है0 खसरा नम्बर 481 / 1 रकबा 0.19 है0 भूमि राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीगण के नाम दर्ज है। प्रार्थीगण ने उक्त भूमि की पुख्ता बाउडरी वाल कर रखी है, फिर भी पडौसी खातेदार आये दिन प्रार्थीगण की बाउडरी वाल तोड कर जबरन भूमि पर कब्जा करने पर आमादा है। उक्त भूमि का पूर्व में सीमाज्ञान करवाया जा चुका है। लेकिन पडौसी संतुष्ट नहीं है। अतः भूमि की नाप कर पत्थरगढी करवाया जाना आवश्यक है। प्रार्थीगण ने उक्त भूमि की पत्थरगढी करवाने का अनुरोध किया है। प्रार्थीगण के द्वारा उक्त पत्थरगढ़ी प्रार्थना–पत्र न्यायालय मे पेश करने पर प्रकरण को

Signature Not Verified
Digitally signed by Sanjay Kumar Gora
Date: 2022.06.24 17:05:04 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
दौसा (राज.)

दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी तहसीलदार दौसा को जरिये सम्मन
तलवी की गई। तहसीलदार दौसा के द्वारा पत्थरगढ़ी प्रार्थना–पत्र का
जवाब पेश किया हैं जिसमे अंकित किया गया है, कि भूमि राजस्व
रेकार्ड में प्रार्थीगण के नाम दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में सीमाज्ञान
कराया जा चुका मौके पर उक्त खसरे एवं आसपास के खसरे खाली पडे
ऐ है।

ार्थीगण के अधिवक्ता को पत्थरगढ़ी प्रार्थना–पत्र पर सुना गया।
ावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन किया गया।
रोक्त खसरों नम्बरों की पत्थरगढी करवाने में तहसीलदार दौसा द्वारा
ई आपत्ति होना जाहिर नही किया गया है। प्रार्थीगण का पत्थरगढ़ी
र्थना–पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित है। अतः प्रार्थीगण का
रगढ़ी प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार दौसा
आदेश दिये जाते है कि प्रार्थीगण की ग्राम जीरोता खुर्द तहसील
ा जिला दौसा में स्थित उक्त भूमि खसरा नम्बर 1173/477 रकबा
है0 खसरा नम्बर 477/1 रकबा 0.29 है0 खसरा नम्बर 481/1
ा 0.19 है0 भूमि की पत्थरगढ़ी करने हेतु अनुभवी
ारियो/गिरदावरों की ठीम गठित की जाकर पत्थरगढ़ी की जावे
प्रार्थीगण से नियमनुसार राजकीय शुल्क वसूल किया जावे।
ज्ञान/पत्थरगढी के दौरान अगर पुलिस जाप्ते की जरूरत हो तो
न से समन्वय कर पुलिस इमदाद प्राप्त की जावे। पालना हेतु
लदार दौसा को तहरीर जारी हो। प्रकरण ... होकर
से कम हो तथा वाद तकमिल प्रविष्ट लेख भण्डार ...

Signature Not Verified
Digitally signed by Sanjay Kumar Gora
Date: 2022.06.24 17:05:04 IST
Reason: SelfAttested

निर्णय मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया
तथा मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

संजय कुमार गोरा (आर.ए.एस)
उप खण्ड अधिकारी